- उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्च पर आवंटित केंद्र पर परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और एसबीआई किसी भी प्रकार की चोट या हानियों आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा. कृपया ध्यान दें कि एसबीआई द्वारा किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति/भुगतान नहीं किया जाएगा.
- परीक्षा के लिए उपस्थित होते समय उम्मीदवारों को अपने साथ उचित पहचान प्रमाण रखना होगा. यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार के पहचान प्रमाण में कोई विसंगति है, तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
- परीक्षा हॉल में किसी भी उच्छृंखल व्यवहार/दुर्व्यवहार का परिणाम उम्मीदवारीता का निरसन और एसबीआई द्वारा आयोजित की जाने वाली भविष्य की परीक्षा के लिए अपात्रता हो सकता है.
- **चयन के लिए अनंतिम रूप से अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के परिणाम बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे.**

ii. **स्थानीय भाषा की परीक्षा:**

राज्यों की विनिर्दिष्ट स्थानीय भाषाओं का विज्ञापन के पैरा ए उल्लेख में किया गया है. किसी विशेष राज्य की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापन के पैरा ए में उल्लिखित उस राज्य की विनिर्दिष्ट स्थानीय भाषा में दक्ष (पढ़ना, लिखना, बोलना और समझना) होना चाहिए. निर्दिष्ट स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के भाग के रूप में आयोजित की जाएगी. ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद यह परीक्षा आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में विफल रहेंगे, उन्हें प्रशिक्षु नहीं चयनित किया जाएगा. निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का अध्ययन करने का साक्ष्य देने वाला 10वीं या 12वीं कक्षा का अंकपत्र/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के लिए भाषा की परीक्षा आवश्यक नहीं होगी. उम्मीदवारों को अपने स्वयं के खर्च पर, आवेदन किए गए राज्य के किसी केंद्र (बैंक द्वारा तय किया जाएगा) पर निर्दिष्ट स्थानीय भाषा की परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा, एसबीआई उक्त परीक्षा में भाग लेने के लिए उम्मीदवार द्वारा किए गए किसी भी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति या वहन नहीं करेगा.

iii. **चिकित्सा जांच:**

चयनित प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है.

**अंतिम चयन के निम्नलिखित के अधीन किया जाएगा:**

क) पद के लिए पात्रता और ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के सत्यापन.

ख) ऊपर वर्णित रूप में विनिर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा, जहां लागू हो, की परीक्षा में योग्यता.

ग) चिकित्सा परीक्षा में फिट घोषित.

**आई. प्रतीक्षा सूची:**

प्रतीक्षा सूची (राज्य श्रेणीवार) प्रशिक्षु की प्रशिक्षण या अगली प्रशिक्षण प्रक्रिया, जो भी पहले हो, के परिणाम की तारीख से एक वर्ष के लिए प्रतीक्षा सूची रखी जाएगी. योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के लिए कार्यग्रहण न करने वाले प्रशिक्षुओं के समक्ष इस प्रतीक्षा सूची से केवल एक बार उम्मीदवारों के नाम जारी किया जाएगा.

**जे. कार्य की रूपरेखा: प्रशिक्षु. यह बैंक में रोजगार नहीं है. न ही यह संविदा रोजगार है.** कृपया ध्यान दें कि **प्रशिक्षु के रूप में चयनित उम्मीदवारों को एसबीआई के कर्मचारी के रूप में नहीं माना जाएगा और वे बैंक के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध किसी भी लाभ को प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे.**

**के. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभारः (वापस न करने योग्य):**

| श्रेणी | शुल्क और सूचना प्रभार |
|---|---|
| सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्युएस | ₹300/- |
| अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी | कोई शुल्क नही है. |

शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

**एल. सामान्य सूचना:**

i) उम्मीदवारों को इससे पहले एसबीआई में या किसी अन्य संगठन में प्रशिक्षु नहीं रहा होना चाहिए या प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण नहीं लिया होना चाहिए. प्रशिक्षण अवधि/प्रशिक्षुता या नियुक्ति की अवधि 1 वर्ष होगी और छुट्टी, कामकाजी परिस्थितियों और छुट्टियों के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा.

ii) जिन उम्मीदवारों के पास शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद एक वर्ष या उससे अधिक अवधि का प्रशिक्षण या काम का अनुभव रहा है, प्रशिक्षु के रूप में नियुक्ति किए जाने के लिए **पात्र नहीं होंगे.**

iii) किसी भी पूर्व सैनिक/विकलांग पूर्व सैनिक को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा और प्रशिक्षु नियुक्ति में पूर्व सैनिकों/विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए कोई आरक्षण नहीं है.

iv) **एसबीआई को प्रशिक्षुता अवधि के दौरान और/या के समापन के बाद प्रशिक्षुओं को नियमित रोजगार देने की कोई बाध्यता नहीं होगी. प्रशिक्षुता अवधि पूरी होने के बाद, उम्मीदवारों को संबंधित कार्य क्षेत्र से मुक्त कर दिया जाएगा.**

v) पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, आंशिक या पूर्ण रूप से चयन प्रक्रिया निरस्त करने से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा. सीटें भरना पूरी तरह से उम्मीदवारों की उपयुक्तता के आधार पर बैंक का विवेकाधिकार है और यदि इनमें से कुछ सीटें उम्मीदवारों की अनुपयुक्तता/अपर्याप्त संख्या के कारण नहीं भरी हैं तो प्रशिक्षण पात्रता के लिए कोई दावा नहीं उत्पन्न होगा.

vi) अपूर्ण ऑनलाइन आवेदन को पात्र नहीं माना जाएगा और अस्वीकृत माना जाएगा. इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

vii) उम्मीदवारों को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्ति के लिए अपनी पात्रता के बारे में अपने आपको संतुष्ट कर लेना चाहिए. बैंक द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर प्रशिक्षु के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए प्रवेश दिया जाएगा और दस्तावेज के सत्यापन के समय ही उनकी पात्रता का निर्धारण किया जाएगा. परीक्षाओं में प्रवेश दस्तावेजों के संदर्भ में उम्मीदवारों की आयु/योग्यता/श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) आदि के सत्यापन के बिना विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा.

viii) उम्मीदवारों को उनके अपने स्वयं के हित में अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करने और कनेक्शन कटने की संभावना/इंटरनेट पर भारी लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में अक्षमता/विफलता से बचने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है.

ix) पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले उम्मीदवारों के प्रति एसबीआई कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.

x) एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन नहीं प्रस्तुत किया जाना चाहिए. एकाधिक आवेदनों की स्थिति में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त हो जाएंगे. परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा एकाधिक उपस्थिति/हाजिरी को सरासरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा/उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

xi) परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ, तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

xii) उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने के बाद अपने सिस्टम से उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने सलाह दी जाती है.

xiii) अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों को यदि बैंक में कार्य–ग्रहण करने के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

xiv) ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रारूप में यह घोषणा करने वाला घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा कि पंजीकरण की अंतिम तिथि को वह क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है. 01.04.2023 से, उपयुक्त पाए जाने पर, प्रशिक्षु के रूप में पात्रता की तिथि के दौरान जारी किया गया 'गैर–क्रीमी लेयर' क्लाज ओबीसी प्रमाणपत्र नियुक्ति के समय जमा करना होगा.

xv) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर प्राप्त किया जा सकता है.

xvi) पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

xvii) उम्मीदवारों को सूचना अर्थात काल लेटर/सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपना पंजीकृत ई–मेल आईडी/मोबाइल सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है.

xviii) चयनित उम्मीदवारों की पात्रता बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित होने के अधीन है और इस तरह की नियुक्ति बैंक के सभी प्रासंगिक नियमों/नीतियों/दिशानिर्देशों के अधीन होगी.

xix) इस विज्ञापन और/या इसकी अनुक्रिया में आवेदन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में की जा सकती है और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों को ऐसे वाद/विवाद निपटाने का एक मात्र तथा विशेष क्षेत्राधिकार रहेगा.

xx) उम्मीदवारों को अपने खर्च पर परीक्षाओं के लिए उपस्थित होना होगा. एसबीआई ऐसे किसी भी खर्च का भुगतान या प्रतिपूर्ति नहीं करेगा.

xxi) चयनित प्रशिक्षुओं की नियुक्ति बैंक की केवाईई औपचारिकताओं को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के अधीन है.

xxii) आवेदन के अंतिम रूप से ऑनलाइन जमा करने के बाद डेटा में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं है.

xxiii) **सभी उम्मीदवारों (सिवाय उत्तर पूर्वी राज्यों से संबंधित उम्मीदवारों के, जहाँ वैकल्पिक पहचान पत्र से काम चलेगा) को नियुक्ति से पहले अर्थात प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले आधार संख्या प्रस्तुत करना होगा.**

xxiv) **बैंक किसी भी चरण पर समस्त चयन प्रक्रिया निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

**एम. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और किसी अन्य स्वरूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**क) आवेदन और शुल्क (फीस) का भुगतान के लिए दिशानिर्देश (केवल ऑनलाइन):**

उम्मीदवारों को निम्नलिखित वेबसाइट https://nsdcindia.org/apprenticeship या https://apprenticeshipindia.org या http://bfsissc.com या https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers – **Engagement of Apprentices in SBI** के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा.

**सहायता केंद्र:** फॉर्म भरने में किसी भी समस्या की स्थिति में, टेलीफोन नंबर 022-22820427 पर पूछताछ की जा सकती है (कार्यदिवस पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे के बीच) या http://cgrs.ibps.in पर अपनी पूछताछ दर्ज करवाई जा सकती है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ईमेल के विषय में **'Engagement of Apprentices in SBI'** का उल्लेख करना न भूलें.

**ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पूर्वापेक्षाएँ:** उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए. जिसे परिणामों की घोषणा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. इससे उन्हें ईमेल/एसएमएस द्वारा आमंत्रण पत्र/सूचना आदि प्राप्त करने में सहायता मिलेगी.

i) जैसा कि फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेजों स्कैन करने के लिए दिशानिर्देशों के अंतर्गत विस्तृत विवरण दिया गया है, उम्मीदवारों को सर्वप्रथम फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेजों स्कैन करना चाहिए **(अनुलग्नक-I).**

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर जाकर देखें और 'वर्तमान अवसरों' **('Current Openings')** में उपलब्ध उचित ऑनलाइन आवेदन पत्र खोलें.

iii) आवेदन ध्यान से भरें. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवारों को डेटा प्रस्तुत करना चाहिए. यदि उम्मीदवार एक बार में डेटा नहीं भर पाते हैं, तो पहले ही प्रविष्ट किए जा चुके डेटा को सुरक्षित कर सकते हैं. डेटा सुरक्षित होने पर सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड दिया जाएगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा. उम्मीदवारों को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को लिख लेना चाहिए. आवश्यकता होने पर, पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए डेटा को फिर से खोला जा सकता है और विवरण को संपादित किया जा सकता है. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवारों को डेटा जमा करना चाहिए. इसके बाद, पंजीकरण अंतिम होगा और किसी भी डेटा को बदलने/संपादित करने की अनुमति नहीं होगी. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv) आवेदन-पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन-पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेट वे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

v) शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग से स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई-रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु लें. **आवेदन का प्रिंटआउट एसबीआई को न भेजें.**

vii) यदि ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें, ऑनलाइन भुगतान करें.

**ख) फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अनुलग्नक-I में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उम्मीदवारों को अपनी फोटो और हस्ताक्षर स्कैन (डिजिटल) करने की आवश्यकता होगी. जैसा कि निर्दिष्ट किया गया है, उम्मीदवार द्वारा फोटो और हस्ताक्षर अपलोड नहीं करने तक ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं किया जाएगा.

**ध्यान दें:**

i) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

ii) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन संपादित कर सकते हैं और अपनी फोटो या हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकते हैं.

**ग) परीक्षा के लिए आमंत्रण पत्र:**

उम्मीदवारों को अक्टूबर/ नवंबर 2023 के महीने में संभावित रूप से अपनी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके बैंक वेबसाइट https://nsdcindia.org/apprenticeship या https://apprenticeshipindia.org या http://bfsissc.com या https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers से कॉल लेटर और ''**Acquaint Yourself Booklet**'' को डाउनलोड करना चाहिए.

**डाक द्वारा ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रण पत्र और अपने आपको परिचित बनाएँ पुस्तिका ("Acquaint yourself booklet") की कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी.**

**डी) परीक्षा के समय प्रस्तुत किए जाने वाला पहचान पत्र:**

उम्मीदवारों को स्कूल या कॉलेज/राजपत्रित अधिकारी द्वारा मूल रूप से जारी किए गए विधिवत प्रमाणित फोटो/पहचान पत्र के साथ पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/बैंक पासबुक जैसा फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ-साथ उसकी स्व-प्रमाणित छायाप्रति लाना होगा. परीक्षा हॉल में निरीक्षकों को आमंत्रण पत्र के साथ पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें विफल रहने पर या उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**ई) कदाचार का दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरूद्ध कार्रवाई:**

(i) उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि उन्हें असत्य, बनावटी जाली विवरण नहीं प्रस्तुत करना चाहिए और उन्हें आवेदन पत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाना नहीं चाहिए.

(ii) परीक्षा के समय, यदि उम्मीदवार को दोषी पाया जाता है (पाया गया है): (i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग का या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करने का या (iv) चयन के लिए अपनी उम्मीदवारीता के संबंध में किसी भी अनियमित या अनुचित साधनों का सहारा लेने का या (v) किन्हीं भी अनुचित साधनों द्वारा अपनी उम्मीदवारी के लिए सहायता प्राप्त करने का, तो ऐसे उम्मीदवार के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही. साथ ही मुकदमा चलाए जाने का उत्तरदायी बनाने के अतिरिक्त अग्रांकित के लिए भी उत्तरदायी होगा:

ए) परीक्षा से अपात्र घोषित किए जाना जिसके लिए वह उम्मीदवार है.

बी) बैंक द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी भी परीक्षा से, स्थाई रूप से या एक निर्दिष्ट अवधि के लिए वंचित किए जाने का.

(iii) बैंक द्वारा सदृश्यता के पैटर्न का पता लगाने के लिए परीक्षा में बैठे अन्य उम्मीदवारों के साथ उम्मीदवार के उत्तरों का विश्लेषण किया जाएगा. इस तरह के विश्लेषण के आधार पर, यदि यह पाया जाता है कि उत्तर साझा किए गए हैं और प्राप्तांक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो बैंक उनकी उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

(iv) **मोबाइल फोन, पेजर, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर या ऐसे किसी भी तरह के उपकरणों का उपयोग:**

1) परिसर के अंदर जहाँ परीक्षा आयोजित की जा रही है, मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, पेजर, ईयरफोन या किसी अन्य संचार उपकरण की अनुमति नहीं है. इन निर्देशों का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द की जाएगी और भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंध सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

2) उम्मीदवारों को उनके अपने स्वयं के हित में परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन/पेजर/स्मार्टवॉच सहित किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को न लाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इसके सुरक्षित रख रखाव का आंश्वासन नहीं दिया जा सकता.

3) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलकुलेटर/स्मार्टवॉच/ईयरफोन का उपयोग करने या रखने की अनुमति नहीं है.

**एन. घोषणाएँ:**

इस प्रक्रिया से संबंधित सभी घोषणाएँ/शुद्धिपत्र समय-समय पर केवल वेबसाइट https://nsdcindia.org/apprenticeship या https://apprenticeshipindia.org या http://bfsissc.com या https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर प्रकाशित किए जाएंगे/उपलब्ध कराए जाएंगे.

**ओ. दावा-परित्याग:**

यदि प्रशिक्षु प्रशिक्षण के किसी भी चरण पर यह पता चलता है कि उम्मीदवार द्वारा पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं किया गया है और/या कि उसने कोई गलत/मिथ्या जानकारी दी है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को दबाया है, इस प्रक्रिया में अनुचित व्यवहार में संलिप्त रहा है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी. यदि प्रशिक्षण चयन के बाद भी इनमें से कोई भी त्रुटि का पता चलता है, तो उसका प्रशिक्षण समाप्त कर दिया जाएगा. **पात्रता, लिखित परीक्षा, अन्य परीक्षाओं के संचालन और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. इस संबंध में बैंक द्वारा कोई अभ्यावेदन या पत्राचार विचार नहीं किया जाएगा.**

**किसी भी रूप में अनुयाचन अपात्रता होगी**

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध है.

**मुंबई - 400021**
**दिनांकित: 01.09.2023**

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.**
**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी और पीएम)**

**दस्तावेजों को स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को नीचे दिए गए विनिर्देशन के अनुसार अपने फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा की स्कैन (डिजिटल) इमेज रखना आवश्य होगा.

**i) फोटो की इमेज: (4.5 से.मी. x 3.5 से.मी.)**

- फोटो हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो होनी चाहिए. **यह सलाह दी जाती है कि उम्मीदवार उसी फोटो की लगभग 8 प्रतियां रखें जो आवेदन के समय अपलोड किया जाता है क्योंकि प्रशिक्षण चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए इनकी आवश्यकता होगी.**
- सुनिश्चित करें कि फोटो रंगीन व हल्के रंग की हो और जहाँ तक हो सके श्वेत पार्श्वभूमि में हो.
- स्वस्थ चित होकर कैमेरे की ओर सीधे देखें.
- यदि फोटो धूप में ली गई है, तो सूर्य आपके पीछे होना चाहिए, या अपने आप को छाया में रखें, जिससे आपका फोटो साफ आये.
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि लाल–आँख (रेड आई)न हो.
- यदि आप चश्मा पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब नहीं बन रहा है और आपकी आँखों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है.
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं. धार्मिक पगड़ी की अनुमति है, लेकिन उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सेल (वरीयत:)
- फ़ाइल का आकार 20-50 kb के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 50 kb से अधिक न हो. यदि फ़ाइल का आकार 50 kb से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान, स्कैनर की सेटिंग्स समायोजित करें जैसे कि डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या, आदि.

**ii) हस्ताक्षर की छवि: (काली स्याही से)**

- आवेदक को काली स्याही वाली कलम से श्वेत कागज पर हस्ताक्षर करना है.
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयत:)
- फाइल का साइज 10 - 20 kb के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 20 kb से अधिक का न हो

**iii) बाएं अंगूठे का निशान:**

- आवेदक को एक सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से **अपने बाएं अंगूठे का निशान** लगाना होता है.
- फाइल प्रकार: जेपीजी / जेपीईजी
- फाइल का आकार: 20 kb – 50 kb
- आयाम: 200 डीपीआई में 240 x 240 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए) यानी 3cm × 3cm (चौड़ाई x ऊंचाई).
- बाएं अंगूठे का निशान ठीक से स्कैन किया जाना चाहिए और धुंधला नहीं होना चाहिए. (यदि किसी उम्मीदवार के पास बायां अंगूठा नहीं है तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है.)

**iv) हस्तलिखित घोषणा छवि:**

- आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही से **अंग्रेजी में घोषणा** स्पष्ट रूप से लिखनी होगी.
- फाइल प्रकार: जेपीजी / जेपीईजी
- फाइल का आकार: 50 kb – 100 kb
- आयाम: 200 डीपीआई में 800 x 400 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए) यानी 10cm × 5cm (चौड़ाई x ऊंचाई).
- हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा केवल आवेदक की होनी चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा.

  **हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ इस प्रकार है:**

  ***"I,________________________________________(Name of the candidate), Date of Birth ___________hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required. The signature, photograph and left thumb impression is of mine".*** उपर्युक्त उल्लिखित हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की हस्तलिखित और केवल अंग्रेजी में होनी चाहिए. यदि यह किसी अन्य द्वारा या किसी अन्य भाषा में लिखा और अपलोड किया गया है, तो आवेदन अमान्य माना जाएगा. (दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के मामले में, जो लिख नहीं सकते, वे घोषणा का पाठ टाइप करवा सकते हैं और टाइप की गई घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगा सकते हैं और विनिर्देशों के अनुसार दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं.)

**नोट:**

- **बड़े अक्षरों में (CAPITAL LETTERS)** हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी.
- सुनिश्चित करें कि फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड की गई हो.
- **उम्मीदवार यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया है. यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर उचित रूप से अपलोड नहीं किया जाता है, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**
- यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर, अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
- फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट/ धब्बेदार होने पर उम्मीदवार के आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है.
- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर/ बाएं अंगूठे का निशान/ हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवारों को यह जांच करना चाहिए कि छवियां स्पष्ट हैं और उन्हें सही ढंग से अपलोड किया गया है. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा प्रमुखता से दिखाई नहीं देती है, तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने से पहले अपने फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा फिर से अपलोड कर सकता है.
- उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की जाने वाली फोटो आवश्यक आकार की हो और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जाना चाहिए.
- यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया गया है तो परीक्षा के लिए प्रवेश अस्वीकार/ इनकार कर दिया जाएगा. उम्मीदवार इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
- उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हों.

**दस्तावेज़ों को स्कैन करने की प्रक्रिया:**

- स्कैनर का रिज़ॉल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें.
- कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
- फ़ाइल का आकार उपर्युक्तानुसार होना चाहिए.
- फोटो/ हस्ताक्षर/ बाएं अंगूठे के निशान/ हस्तलिखित घोषणा के किनारे तक स्कैनर में छवि को क्रॉप करे और उसके बाद अंतिम आकार (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है) तक छवि का क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें.
- इमेज की फ़ाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप की होनी चाहिए. फ़ाइल के नाम का एक उदाहरण है: इमेज01.जेपीजी या इमेज01.जेपीईजी. फ़ोल्डर फ़ाइलों की लिस्टिंग करके या इमेज आइकन पर माउस को ले जाकर छवि के आयाम जाँच की जा सकती है.
- एमएस विंडोज/एमएसऑफिस का उपयोग करने वाले उम्मीदवार एमएस पेंट या एमएसऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके .jpeg प्रारूप में दस्तावेज़ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. फ़ाइल मेनू में 'Save As' विकल्प का उपयोग करके किसी भी प्रारूप में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को .jpg / .jpeg प्रारूप में सहेजा जा सकता है. आकार को क्रॉप और फिर आकार बदलने के विकल्प का उपयोग करके समायोजित किया जा सकता है.

**दस्तावेजों को अपलोड करने की प्रक्रिया:**

- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार को अपने फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए लिंक प्रदान किए जाएंगे.
- संबंधित लिंक "Upload Photograph / Signature / Upload left thumb impression / hand written declaration पर क्लिक करें.
- उस स्थान को ब्राउज़ करें और चुनें जहां स्कैन किए गए फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर/ बाएं अंगूठे का निशान/ हस्तलिखित घोषणा फ़ाइल को सहेजा गया है.
- क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
- 'ओपन/अपलोड' ('Open/Upload') पर क्लिक करें.
- फ़ाइल का आकार और फॉर्मेट निर्धारित रूप में न होने पर एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित किया जाएगा.
- अपलोड की गई छवि का प्रीव्यू छवि की गुणवत्ता को देखने में मदद करेगा. अस्पष्ट/धब्बे के मामले में, इससे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता लाकर फिर से अपलोड किया जा सकता है.

**जब तक आप अपना फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और निर्दिष्ट के रूप में हस्तलिखित घोषणा अपलोड नहीं करते हैं, तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा.**

**अनुलग्नक–II**

**निर्दिष्ट विकलांगता वाले व्यक्ति के लिए प्रमाणपत्र दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के अंतर्गत आता है, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता है, अर्थात 40% से कम विकलांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति**

यह प्रमाणित किया जाता है कि, हमने श्री/सुश्री/श्रीमती ................................................................ (उम्मीदवार का नाम), पुत्र/पुत्री, का निवासी .................................................................(ग्राम/डाकघर/तहसील/जिला जिला/राज्य), आयु ......................वर्ष, एक व्यक्ति के साथ

विकलांगता/स्थिति की प्रकृति), की जांच की है और यह उल्लेख करते हैं कि उसकी कुछ सीमाएं हैं जो उसकी उपरोक्त स्थिति के कारण उसकी लेखन क्षमता में बाधा डालती हैं. परीक्षा लिखने के लिए उसे स्क्राइब के सहयोग की आवश्यकता होती है.

2. उपरोक्त उम्मीदवार सहायक उपकरण जैसे कि प्रॉस्थेटिक्स एंड ऑर्थोटिक्स, हियरिंग एड (नाम निर्दिष्ट करें) का उपयोग करता है जो स्क्राइब की सहायता से परीक्षा में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार के लिए आवश्यक है.

3. यह प्रमाण पत्र केवल भर्ती एजेंसियों के साथ–साथ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं में उपस्थित होने के उद्देश्य से जारी किया जाता है और यह तब तक वैध है (यह चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित अधिकतम छह महीने या उससे कम अवधि के लिए वैध है)

चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर

| (हस्ताक्षर एवं नाम) | (हस्ताक्षर एवं नाम) | (हस्ताक्षर एवं नाम) | (हस्ताक्षर एवं नाम) | (हस्ताक्षर एवं नाम) |
|---|---|---|---|---|
| हड्डी का डॉक्टर/ पीएमआर विशेषज्ञ | नैदानिक मनोविज्ञानी/ पुनर्वास मनोवैज्ञानिक/मनोचिकित्सक/विशेष शिक्षक | न्यूरोलॉजिस्ट उपलब्ध) | व्यावसायिक चिकित्सक (यदि उपलब्ध हो) | अन्य विशेषज्ञ, जैसे अध्यक्ष द्वारा मनोनीत (यदि कोई) |
| (हस्ताक्षर एवं नाम) | | | | |
| मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी................................अध्यक्ष .................................. | | | | |

सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का नाम, मुहर सहित

**स्थान:** ............................

**दिनांक:** ..........................

**अनुलग्नक–III**

**दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के अंतर्गत शामिल, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के अंतर्गत न शामिल निर्दिष्ट विकलांगता वाले व्यक्ति अर्थात 40% से कम विकलांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति द्वारा दिया गया वचन पत्र**

मैं .................................................................... (विकलांगता/स्थिति की प्रकृति) वाला उम्मीदवार ...............................................
जिले में .......................................... (केंद्र का नाम) ............................................................
.........................................., (राज्य का नाम) में ......................................... (परीक्षा का नाम ...............................................
में रोल नंबर ....................................... वाला उम्मीदवार हूं. मेरा/मेरी शैक्षणिक योग्यता है .................................

2. मैं एतद्द्वारा उल्लेख करता/करती हूं कि...................................................(स्क्राइब का नाम) उपरोक्त परीक्षा देने के लिए अधोहस्ताक्षरी को स्क्राइब की सेवा प्रदान करेगा.

3. मैं एतद्द्वारा वचन देता/देती हूं कि उसकी योग्यता ...................................... है. यदि, बाद में यह पाया जाता है कि उसकी योग्यता अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा घोषित रूप में नहीं है और मेरी योग्यता से परे है. मैं पद या प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री और उससे संबंधित दावों पर अपना अधिकार खो दूंगा/दूंगी.

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

(यदि उम्मीदवार अवयस्क है तो माता–पिता/अभिभावक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर)

**स्थान:** .....................

**दिनांक:** ....................